जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7988 / 2025 दिनांकः 27 मार्च, 2025

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / नोडल अधिकारी 'समर्थ पोर्टल'
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षा के आनलाईन परीक्षा फार्म 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7957 / 2025, दिनांकः 21 मार्च, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.)–2020 से आच्छादित शैक्षणिक सत्र 2024–25 के स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाईन परीक्षा फार्म 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से भरे जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे।

तत्क्रम में सूच्य है कि 'समर्थ पोर्टल' पर आनलाईन फार्म भरे जाने की निर्धारित प्रक्रिया को पूरित करने के क्रम में महाविद्यालयों द्वारा कतिपय समस्याएँ व्यक्त की गयी हैं। उक्त के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार **डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल', जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की अध्यक्षता में दिनांकः 28 मार्च, 2025 को अपराह्न 02:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन अवस्थित जय प्रकाश नारायण सभागार में 'प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया गया है, जिसमें उपरोक्त वर्णित परीक्षा फार्मों को आनलाईन 'समर्थ पोर्टल' पर पूरित कराये जाने की समस्त प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण तथा तत्क्रम में आने वाली समस्याओं का समाधान किया जायेगा।**

तद्नुक्रम में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के **प्राचार्य अपने महाविद्यालय के नोडल अधिकारी–'समर्थ पोर्टल'** एवं **कम्प्यूटर आपरेटर** के साथ **निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर आयोजित कार्यशाला में अनिवार्यरूपेण प्रतिभाग करने का कष्ट करें।**

डॉ0(नीलमणि त्रिपाठी)
नोडल अधिकारी,
समर्थ पोर्टल,
विश्वविद्यालय परिसर

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल', जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया / सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
04. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव